SUCCESS KEY TEST SERIES

Unit Test -2

Std: VIII (E.M) **Subject: Hindi** **Time: 2Hrs**

Date : **Chapter No 1.5 To 1.9** **Max Marks: 40**

विभाग 1 : गद्य

Q.1 निम्नलिखित परिच्छेद के आधार पर सूचना के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए : 8

1. आकृती पूर्ण कीजिए: (2)



प्रश्न : आप मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश कैसे आए ?

उत्तर : हिंदी प्रेम ने मुझे मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश आने को प्रेरित किया क्योंकि उन दिनों नागपुर विश्वविध्यालय में हिंदी नहीं थी | सन्न १९२५ में मैंने इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की , तत्पश्चात उच्च शिक्षा हेतु प्रयाग विश्वविध्यालय में प्रवेश ले लिया | मैंने इसी विश्वविध्यालय से एम.ए. की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की |

मैंने देखा कि डॉक्टर साहब के चेहरे पर गंभीरता के भाव साफ प्रतिबिंबित हो रहे हैं | ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे वे अपने अतीत में खो-से गए हैं | मैंने पुन: सवाल किया |

प्रश्न : डॉक्टर साहब, प्राय: ऐसा देखा गया है कि कवियों एवं लेखकों के जीवन में उनका लौकिक प्रेम , पारलौकिक प्रेम में बदल गया | क्या आपके साथ भी ऐसा हुआ है ?

2. सही विकल्प चुनकर वाक्य को पूरा करे : (2)

1. हिंदी प्रेम के लिए डॉक्टर साहब ____ प्रदेश आए | (मध्य, उत्तर, अरुणाचल)
2. ____ विश्वविध्यालय में हिंदी नहीं थी | (मध्य, उत्तर, नागपुर)
3. डॉक्टर साहब का चेहरा ___ था | (गंभीर, हसमुख , गोल)
4. ऐसा लग रहा था कि वह अपने ___ में खो गए थे | (सपने, परेशानी, अतीत)

3. A. निम्नलिखित शब्दों के संधि लिखिए : (1)

1. गंभीरता 2. विश्वविध्यालय 3. लौकिक 4. प्रतिबिंबित

B. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय लगाकर शब्द लिखिए: (1)

1. प्रेम 2. बदल 3. भाव 4. खो

4. आज कल सब लोग अपनी उच्च शिक्षा के लिए अपना राज्य छोड़कर किसी और राज्य चले जाते है, क्या आप इस बात से सहमत हैं ? (2)

विभाग 2 : पद्य

Q.2 निम्नलिखित पद्यांश पढ कर सूचना के अनुसार कृतियां कीजिए : **6**

1. आकृती पूर्ण कीजिए : (2)





मैया , कबहिं बढ़ेगी चोटी ?
किती बार मोहिं दूध पियत भई , यह अजहूँ है छोटी ||
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं , हवे है लाँबी-मोटी |
काँचो दूध पियावत पचि-पचि देत न माखन-रोटी |
सूरस्याम चिरजीवौ दोउ भैया , हरि-हलधर की जोटी ||

2. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : (2)

   1. इसमें ___ की बालसुलभ लीलाओं का वर्णन किया है | (राम, श्रीकृष्ण, बच्चे)
   2. उन्हें खाने के लिए __ नहीं मिलता | (रोटी, दूध, पालक)
   3. भगवान कहते है कि उनकी __ छोटी की छोटी ही है | (लम्बाई, चोटी, कमर)
   4. भैया की चोटी ___ है | (मोटी, पतली, छोटी)

3. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का सरल भावार्थ लिखिए : (2)

मैया , कबहिं बढ़ेगी चोटी ?
किती बार मोहिं दूध पियत भई , यह अजहूँ है छोटी ||

विभाग 3 – भाषा अध्ययन (व्याकरण)

Q.3 (1) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : **2**

(i) आतंक फ़ैलाने वाला

(ii) दूर की सोचने वाला

(2) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा पहचानिए : **2**

(i) आपने कौन-कौन सी पुस्तके पढ़ी है ? (समुदायवाचक)

(ii) लकड़हारा की लोहे की कुल्हारी नदी में गिर गयी | (द्रव्यवाचक)

(3) **निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखिए :** 2

(i) अल्पज्ञ पिता बड़ा दयनीय जीव होता है |

(ii) जिस धड़कन का इलाज करने को जुहू पर आया था वह दस गुना बढ़ गई थी |

(4) **निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए :** 2

(i) उल्लास

(ii) भीड़

(5) **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :** 2

(i) लोहा मानना

(ii) गले लगाना

Q.4 विभाग 4 – उपयोजित लेखन

(1) **पत्र लिखन:** 5

निम्नलिखित जानकारी का उपयोग करे:

स्वास्थ्य अधिकारी, अकोला महानगरपालिका, अकोला - 444002	शहर में कचरे के प्रदूषण से कई बीमारियाँ उचित कार्रवाई का निवेदन

अथवा

संचालन, समाजकल्याण विभाग, नाशिक 422001	औरंगाबाद - 431001 से रमेश कारले लिपिक पद की नौकरी के लिए आवेदन-पत्र लिखता है	

(2) **निम्नलिखित शब्दों के आधार पर कहानी लिखिए तथा कहानी से प्राप्त सीख का उल्लेख करते हुए कहानी को उचिर शीर्षक भी दीजिए :** 5

एक लडका - रेल लाइन के किनारे-किनारे जाना - रेल की पटरी उखडी हुई देखना - सोचना - दूर आती रेल की सीटी - गाडी का पास आना - अपनी लाल कमीज लहराना - ड्राइवर का गाडी रोकना - लडके को शाबासी |

(3) **निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** 6

(i) बाल स्वच्छता अभियान

(ii) खेल के महत्व

(iii) भारत में बाल-श्रम

-------- All the Best --------